# संस्कृत विभाग

दयानन्द वैदिक कालेज, उरई (जालौन) उ0प्र0, 285001

(सम्बद्ध : बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी, उ0प्र0)

**NAAC ACCREDITED "B" GRADE WITH CGPA 2.61**

फोन नं0 : **05162-252214** ई–मेल :**dvcoffice11@gmail.com**

---

## संस्कृत साहित्य परिषद्

### सत्र : 2023–2024

परिषद् गठन – सत्र : 2023–24

दिनांक – 09 दिसम्बर 2023

आज दिनांक 09 दिसंबर 2023 को दोपहर 12:00 बजे संस्कृत साहित्य परिषद् 2023 24 का गठन किया गया। संस्कृत साहित्य परिषद् का गठन लोकतान्त्रिक प्रक्रिया के द्वारा सम्पन्न कराया गया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संस्कृत साहित्य में उल्लेखनीय पंजीकरण हुआ। छात्र–छात्राएं संस्कृत साहित्य के अध्ययन में विशेष रुचि दिखा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा जनपद, मण्डल एवं राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता हो या विभाग द्वारा आयोजित होने वाले "संस्कृत सप्ताह", वाल्मीकि जयन्ती, गीता जयन्ती आदि कार्यक्रमों के माध्यम से विभाग के विद्यार्थी पाठ्येतर गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता कर रहे हैं।

संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 2022–23 में संस्कृत विभाग में बी0ए0 की छात्रा "जिया देवी" ने संस्कृत गीत प्रतियोगिता (युवा वर्ग) में झांसी मण्डल में प्रथम स्थान एवं लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया और ₹15000 रुपये की पुरस्कार राशि तथा प्रमाणपत्र प्राप्त किया। इसके साथ ही संस्कृत भारती कानपुर प्रान्त के कार्यक्रमों में भी विभाग की सक्रियता रहती है। संस्कृत विभाग का अन्य विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं के साथ संयुक्त रूप से कार्यक्रमों का संयोजन एवं आयोजन विभाग को समृद्ध करने का कार्य कर रहा है।

इन उपलब्धियां के साथ–साथ परिषद् 2023–24 के सभी पदों पर चयन निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुआ। सभी परिषद् सदस्य भी निर्विरोध पदस्थ हुए।

परिषद् गठन के समय संस्कृत विभाग के साथ–साथ हिन्दी विभाग के उपस्थिति विद्यार्थी अत्यन्त उत्साह से भरे हुए दिखे जो निश्चित रूप से दृष्टव्य विषय रहा।

चुनाव अधिकारी डॉ. नीरज कुमार द्विवेदी जी ने पदाधिकारियों को बधाइयां दी और कहा कि ये कठिन समय है हम बाहरी आकर्षण से प्रभावित हो रहे हैं अतः पूर्ण मनोयोगके साथ अध्ययन और लक्ष्य की प्राप्ति तक न रुकने ही इच्छाशक्ति हमारे अन्दर होना इस युग की प्राथमिक आवश्यकता बन गई है। इसके साथ ही आप सब अपने विभाग एवं कॉलेज की उन्नति में योगदान दें।

उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापन संस्कृत साहित्य परिषद् के संयोजक एवं कार्यक्रम के संचालक डॉ. सर्वेश कुमार शाण्डिल्य ने किया।

समस्त पदाधिकारियों की सूची इस प्रकार है–

| क्र.सं. | पदनाम | पदाधिकारी | कक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | रिया पटेल | बी.ए. पंचम सेमेस्टर |
| 2. | उपाध्यक्ष | वन्दना राठौर | बी.ए. पंचम सेमेस्ट |
| 3. | महामन्त्री | जिया देवी | बी.ए. तृतीय सेमेस्टर |
| 4. | संयुक्त मन्त्री | नवनीत कुमार | बी.ए. प्रथम सेमेस्टर |
| 5. | कोषाध्यक्ष | कृतिका गोस्वामी | बी.ए. प्रथम सेमेस्टर |

6. कार्यकारिणी सदस्य :
   1. रजनी प्रजापति
   2. हर्षित दीक्षित
   3. चाहत देवी
   4. साधना देवी
   5. पूजा यादव
   6. प्रवीण कुमार
   7. अनिकेत तिवारी
   8. देवेन्द्र सिंह
   9. श्रद्धा वर्मा
   10. सोनाली

यह लोकतान्त्रिक उपक्रम संस्कृत विभाग के विद्यार्थियों को निरन्तर गतिमान् और शैक्षिक रूप से समृद्ध करने का काम करेगा।

दिनांक – 09/12/2023

Sarvesh Kumar Shandilya

डॉ. (सर्वेश कुमार शाण्डिल्य)
संयोजक, संस्कृत साहित्य परिषद्,
असिस्टेण्ट प्रोफेसर एवं प्रभारी
संस्कृत विभाग, डी.वी. कॉलेज, उरई